अमर उजाला
20-03-2026

मशीन लर्निंग पर छात्रों को दिया व्याख्यान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा राजकीय पीजी कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान मशीन लर्निंग थ्योरी से प्रैक्टिकल तक, विषय पर आधारित रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक की मूल अवधारणाओं और उसके व्यावहारिक उपयोग से रूबरू कराना था। व्याख्यान के दौरान विशेषज्ञों ने सरल भाषा में डेटा विश्लेषण, एल्गोरिद्म और मॉडल निर्माण के सिद्धांतों को समझाया। राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देसराज बाजवा ने तकनीक की अनिवार्यता पर जोर दिया। **संवाद**